तापमान

अधिकतम 36.3 डिग्री

न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 मई 2024



11 जिले में फसल अवशेषों को धड़ल्ले से जला रहे किसान





12 प्लेसमेंट : महिला विवि की छात्राओं को मिली नौकरी




## खबर संक्षेप

### चिरस्मी में व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**गन्नौर।** चिरस्मी गांव में 27 वर्षीय व्यक्ति ने देर रात कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने मामले की सूचना गन्नौर थाना पुलिस को दी है। जानकारी देते हुए गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक दीपक बेरोजगार था और शराब का सेवन करता था। इस परेशानी के चलते दीपक ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने स्वजन की शिकायत पर 174 की कार्रवाई की है। शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

### महामाई का विशाल जागरण व भंडारा 7 को

**गन्नौर।** गन्नौर का किन्नर समाज से समाजसेवी तितली किन्नर द्वारा 7 मई को बादशाही रोड पर आईटीआई के पास विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। तितली किन्नर ने बताया 7 मई को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। रात 9 बजे महामाई का जागरण शुरू होगा। जागरण में शिव नव दुर्गा की विशाल प्रतिमा पंडाल को सुशोभित करेगी। साथ में खाटू श्याम दरबार, सालासर दरबार, नवग्रह मंडप प्रतिमा, दस महाविद्या काली का दरबार, मोती डूंगरी जयपुर के गणेश जी व काली कलकत्ता वाली की विशाल प्रतिमा भी देखने को मिलेगी।

### शिव मंदिर सनातन धर्म में ध्यान योग शिविर कल

**गन्नौर।** ध्यान योग शिविर का आयोजन शिव मंदिर सनातन धर्म सभा के सभागार में 4 मई को किया जाएगा। जानकारी देते हुए सांख्या योग ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी राम निवास गिरी ने बताया कि ध्यान योग कार्यक्रम में ध्यान योग सुबह 6 बजे से शुरू होकर एक घंटा तीस मिनट तक चलेगा। विध्न, दोष निवारण हवन शाम को 4 बजे होगा। उन्होंने बताया कि ध्यान योग शिविर में अनुभवी वैद्यों द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से पुराने से पुराने रोग की चिकित्सा भी की जाएगी। उन्होंने लोगों से ध्यान योग शिविर में भाग लेने का आह्वान किया।

### गोदाम के बाहर से महेंद्रा पिकअप गाड़ी चोरी

**गन्नौर।** शहर के गांधी नगर इलाके से अज्ञात चोर गोदाम के पास खड़ी महेंद्रा की पिकअप गाड़ी चोरी कर ले गए। गाड़ी मालिक ने इसकी शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में गांधी नगर गांव के पवन कुमार ने बताया कि 30 अप्रैल की शाम को उसने अपनी गाड़ी को गली में एक गोदाम के सामने खड़ा किया था। अगले दिन सुबह जब वह गली में आया तो उसकी गाड़ी चोरी हो चुकी थी। उन्होंने पुलिस को भारत जैन के गोदाम में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी पुलिस को दी है। जिसमें एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांध कर गाड़ी चोरी करते दिखा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली की घटना के बाद शिक्षा विभाग सतर्क, निदेशालय ने जारी किया पत्र

# स्कूल परिसर से ही बैठाने-उतारने होंगे विद्यार्थी, रोजाना जांचने होंगे वाहन

- स्कूल प्रमुख के जिम्मे होंगें सुरक्षा इंतजाम, रोजाना जांचनी होगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



दिल्ली में स्कूलों में बम रखने की सूचना बेशक से फर्जी निकली हो, लेकिन इसको लेकर प्रदेश का शिक्षा विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। इसी संदर्भ में विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किए गए हैं। पत्र में विद्यालय में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए सुरक्षा को कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कई अन्य निर्देश भी दिए गए हैं। इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी सरकारी व निजी स्कूलों को निर्देश प्रेषित किए हैं और निर्देशों की कड़ी अनुपालना के लिये अधिकारियों की आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि दिल्ली में स्कूलों में ई-मेल के माध्यम से बम रखने की सूचना के बाद हरियाणा शिक्षा विभाग भी अलर्ट हो गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं जिन स्कूलों में विद्यार्थी बसों के माध्यम से पहुंचते हैं, उन्हें स्कूल गेट के अंदर से बच्चों को बैठाने और उतारे जाएं। इतना ही नहीं स्कूल वाहनों के चालक व सहायकों को पहले बसों की रोजाना जांच करनी होगी, उसके बाद ही बच्चों को बैठाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने भी स्कूल प्रमुखों को किसी भी बच्चे की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही न बतरने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूल प्रमुखों को अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। जांच में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बस चालकों को सतर्क रहने के निर्देश**

दिल्ली के स्कूलों में बम रखने का ई-मिलने के बाद दिल्ली के साथ ही हरियाणा के स्कूलों में भी सुरक्षा संबंधी इंतजाम कड़े के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सरकारी व निजी स्कूलों के प्रमुखों को सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच करने व बस चालकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

#### संदिग्ध वस्तु की सूचना दी जाए तुरंत

शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी निदेर्शों में कहा है कि स्कूल प्रमुखों को स्कूल के आसपास संदिग्धों पर नजर रखनी होगी। इस दौरान अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध हरकतें करता दिखाई दे या कोई संदिग्ध वस्तु मिले तो इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर देनी होगी। स्कूल प्रमुखों को विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर उन्हें असामाजिक तत्वों के प्रति जागरूक करना होगा। स्कूल की छुट्टी के समय सतर्कता बरतनी होगी।

## लाइसेंस के बिना ओटीसी दवाओं की बिक्री उचित नहीं



गोहाना। एसोसिएशन के पदाधिकारी आपत्ति जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

- हरियाणा राज्य कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने जताया एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने देश मे बिना लाइसेंस के ओवर द कांउटर (ओटीसी) दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है और इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मंजीत शर्मा एवं प्रदेश महासचिव अशोक सिंगला ने इस बात पर जोर दिया है कि इस तरह का कदम मौजूदा दवा कानूनों, फामेर्सी विनियमों का उल्लंघन होगा। उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि इससे खतरनाक स्व चिकित्सा एवं नशीली दवाओं का दुरुपयोग हो सकता है।

ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति से फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव, प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम, नकली दवाओं का प्रसार भी हो सकता है। इसके साथ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी, दवा की अधिक मात्रा के कारण, बीमारियों की अधिक घटनाएं भी बढ़ सकती हैं।

## प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा

- प्रशस्ति-पत्र व निपुण के लोगो वाले मग देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खरखौदा में निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के विस्तारीकरण के अंतर्गत चल रहा सत्र 2024-25 के लिए प्राथमिक अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी अध्यापकों को प्रशस्ति-पत्र व निपुण का लोगों व क्यूआर कोड लगे मग प्रदान करके सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जितने कुशल और प्रतिभावान आप सब हैं, अपने छात्रों को स्वयं से भी अधिक प्रतिभावान बनाएँ। उन्हें हर दक्षता में निपुण बनाना है, तभी निपुण हरियाणा के साथ निपुण भारत लक्ष्य सिद्ध होगा। डाइट बीसवां मील से पर्यवेक्षण के लिए पधारी जैसमीन कौर ने दोनों सत्रों का निरीक्षण किया और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण में किरण डारोलिया, सविता, कविता, स्नेहलता व संजीव रावल ने के.आर.पी (की-रिसोर्स पर्सन) के रूप में अपने-अपने विषय की बारीकियों से अध्यापकों को अलग-अलग तौर-तरीकों से परिचित कराया। कार्यक्रम के संचालन में खंड संसाधन समूह (बीआरजी टीम) की मुख्य भूमिका रही। जिसमें डॉ. नवीन कुमार, सचिन बत्रा, राजेश कुमार, हरिओम,सतपाल, सीमा, नीना, कविता, डॉ निशा, सुमन, रीना, मनीष आदि का सहयोग रहा।

### आइसक्रीम विक्रेता को चाकू मार घायल किया

**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर गांव में वीरवार की दोपहर को शराब के नशे में धुत्त युवक ने आइसक्रीम बेच रहे प्रवासी युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चाकू बरामद किया। बृहस्पतिवार की दोपहर को खेड़ी गांव में प्रवासी युवक अपनी रेहडी से गांव में आइसक्रीम बेच रहा था। इसी दौरान गांव का युवक आया और उससे आइसक्रीम लेकर पैसे नहीं दिए। जब उसने आइसक्रीम के पैसे मांगे तो चाकू निकाल कर आइसक्रीम विक्रेता की छाती पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में आइसक्रीम विक्रेता घायल हो गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को युवक की शिकायत नहीं मिली थी। फिलहाल आइसक्रीम विक्रेता का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## शिविर में 112 लोगों ने किया रक्तदान

- वेलकम फाउंडेशन ने छोटूराम चौक में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

वेलकम फाउंडेशन, गोहाना द्वारा गुरुवार को शहर में दीनबन्धु छोटूराम चौक में आयोजित137वें रक्तदान शिविर में 2 महिलाओं सहित कुल 112 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक केसी शर्मा ने की।

शिविर की मुख्य अतिथि भगत फूल सिंह महिला विश्विद्यालय की कुलसचिव डॉ. नीलम मालिक और विशिष्ट अतिथि सिविल अस्पताल गोहाना से डॉ. चक्रवर्ती शर्मा, हारट्रोन कम्प्यूटर सेंटर के एमडी सतीश शर्मा एवं भाजपा बुटाना मंडल के अध्यक्ष आशीष भनवाला रहे। शिविर में हितेंद्र, सतपाल, विष्णु, संदीप, दीपक, रेनू ने पहली बार रक्तदान किया।

वहीं नियमित रक्तदाताओं में विधायक जगबीर मालिक के निजी सहायक प्रवेश कुमार, प्रदीप, रमन, ज्ञानेंद्र रोहिल्ला, दीपेश, आनंद, बलवंत, हिमांशु, राजेश और कमल ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित हुआ। दोनों शिविर साथ-साथ चले। शिविर में 192 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जरतमंदों को दवाइयां मुफ्त दी गई।

शिविर के संयोजन मंडल में जयवीर कौशिक, ज्ञानेन्द्र रोहिल्ला, रामपाल दहिया, जितेन्द्र शर्मा, मनजीत कुमार और विनोद भारद्वाज शामिल रहे।

## मुकदमा दर्ज करने के विरोध में पूर्व सरपंच की याचिका पर हाईकोर्ट का स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



अगवानपुर गांव में पंचायती खाद गड्ढे से प्राप्त राशि का गबन करने के आरोप थाना गन्नौर में दर्ज हुई प्राथमिकी पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। सरपंच द्वारा इस संबंध में पहले ही हाईकोर्ट में याचिका डाल रखी है, जिसकी सुनवाई 2 अगस्त 2024 को होनी है।

मामला हाईकोर्ट में होने के बाद भी गन्नौर थाना में प्राथमिकि दर्ज होने के विरोध में पूर्व सरपंच बलराज ने हाईकोर्ट में फिर से याचिका डाली। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व सरपंच को राहत देते हुए उस पर दर्ज हुई प्राथमिकि पर अगली सुनवाई तक स्टे लगाने के आदेश दिए हैं।

#### यह है मामला

अगवानपुर गांव के पूर्व सरपंच पर अपने कार्यालय में बेचे गए पंचायती खाद गड्ढे से प्राप्त 3 करोड 16 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है। उप-मंडल अधिकारी (ना.) गन्नौर द्वारा मामले की जांच की गई थी। जांच के आधार पर गत दिनों उपायुक्त के आदेशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने निवर्तमान सरपंच बलराज के खिलाफ शिकायत देकर गन्नौर थाना में केस दर्ज करवा दिया था।

#### वसूली का नोटिस जारी

उपायुक्त के आदेशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा पूर्व सरपंच बलराज को पंचायती राज एक्ट 1994 की धारा 53(2) के तहत 3 करोड 16 लाख रुपये की राशि एक माह के अंदर-2 जमा करवाने का नोटिस जारी किया है।

## सरकारी नौकरी के नाम पर 59.45 लाख हड़पे

- तीन नामजद व अन्य आरोपियों पर दर्ज करवाया मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसएससी की कोचिंग दिला छह युवकों को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 59.45 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी है। आरोपियों ने खुद को इसरो व एसएससी में अधिकारी बताकर युवकों को झांसे में लिया था। युवक के बयान पर सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। मालवीय नगर के रहने वाले अंकित ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उनकी जान पहचान सेक्टर-23 निवासी अमित से हुई थी। वह उन्हें अक्सर उनके दोस्त विनय की लाइब्रेरी के पास मिलता था। वह जिम भी चलाता था, जिसके चलते वह उसकी जिम में जाने लगा। अमित ने उन्हें एसएससी में एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के लिए कोचिंग दिलवाने की बात कही थी। उसने कहा था कि एसएससी में खेल कोटे से इंस्पेक्टर भर्ती किए जाते हैं। इसके लिए कोई पेपर नहीं होता। जुलाई 2022 में वह अपने दोस्तों के साथ साथी विनय के घर पर था। जहां पर अमित ने बताया कि उसके दोस्त दिल्ली के उत्तम नगर स्थित विजय गार्डन व वेस्ट दिल्ली स्थित गांव हस्ताल निवासी वर्षा यादव व उसका भाई राहुल यादव एसएससी में सीजीएल इंस्पेक्टर व सीएचएसएल में क्लर्क पद के लिए कोचिंग करवाते हैं। वह कई लोगों को नौकरी लगवा चुके हैं। जिस पर वह उनके झांसे में आ गए और उसके साथ ही उनके दोस्त विनय, अमित व उसके भाई सुमित, दीपक व उसके भाई प्रदीप को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग 59.45 लाख रुपये दे दिए। बाद में उन्हें ठगी का पता लगा तो पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

**एसएससी में अधिकारी बता झांसे में लिया**

अमित ने बताया कि उन्होंने जुलाई, 2022 में वर्षा यादव से दिल्ली में मुलाकात की थी। उसने खुद को एसएससी में प्रथम श्रेणी अधिकारी बताया था। साथ ही उसके भाई राहुल ने खुद को इसरो में कार्यरत बताया था। साथ ही कहा था कि वह मिशन चंद्रयान की टीम जुड़े है। जिससे वह उनके झांसे में आ गए। अलग-अलग समय में उनसे राशि ली गई। उनसे राशि उत्तम उर्फ मोनू व कंचन गुप्ता के सामने दी गई। आरोपियों ने कहा था वह कई लोगों को नौकरी लगवा चुके हैं।

#### पुलिस से कार्रवाई की मांग

अमित ने बताया कि उनका दोस्त विनय पारिवारिक परेशानी से जूझ रहे हैं। विनय के पिता लकवे से ग्रसित है और माता कैंसर से पीड़ित है। आरोपियों ने उसके रुपये भी हड़प लिए। उन्होंने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### अलग-अलग स्थानों पर दो दिन में इकट्ठे किए बीजों के 44 सैंपल

# कृषि अधिकारियों ने की बीज-दवा दुकानों पर छापेमारी

- सोनीपत और गोहाना से लिए गए सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में किसानों को बेहत्तर खाद-बीज की दवाइयों से बेहत्तर बीज व दवाइयां मिल सके, उसके लिए विभाग की तरफ से तमाम प्रयास किए जा रहे है। विभाग की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर स्थित दुकानों पर कृषि उपनिदेशक डा. पवन शर्मा के नेतृत्व में गोहाना क्षेत्र में छापेमारी कर बीज के 20 सैंपल लिए है। वहीं एक दिन पहले बुधवार को सोनीपत क्षेत्र में छापेमारी कर 24 सैंपल लिए गए थे। 44 सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेज दिया गया है। लैब रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई सैंपल फैल होता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि रबी सीजन की फसलों की कटाई व कढ़ाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। किसान अब खरीफ सीजन की फसलों की बिजाई व रोपाई की प्रक्रिया में जुट गए है। मौजूदा समय में किसान ज्वार व कपास आदि की बिजाई करने की तैयारी कर रहे है। ऐसे में बीज की डिमांड भी बढ़ गई है। किसानों को बेहतर गुणवत्ता का बीज उपलब्ध हो, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया है।

**किसानों को बेहतर बीज-दवा देने के लिए प्रयासरत**

किसानों को विभाग की तरफ से योजनाओं को लेकर जागरूक करने व बेहत्तर बीज व दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। विभाग की तरफ से छापेमारी अभियान के तहत दो दिनों में 44 सैंपल लिए है। जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

\- **डा. पवन शर्मा**, जिला कृषि अधिकारी।

**15 मई के बाद धान की पौध करें तैयार**

मौजूदा समय में किसान ज्वार और कपास की बिजाई करने में जुटे हुए है। जबकि धान की पौध 15 मई के बाद तैयार की जा सकती है। किसान 15 जून के बाद ही अपने खेतों में धान की रोपाई व बिजाई कर सकते हैं। इससे पहले धान की रोपाई व बिजाई पर बेन लगाया गया है। गत वर्ष धान उत्पादक किसानों को मिश्रित बीजों की वजह से काफी नुकसान झेलना पड़ा था। ऐसे में विभाग ने इस बार पहले ही धान के बीज की जांच करनी शुरू कर दी है। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वे पक्के बिल पर ही बीजों की खरीददारी करे।

#### ज्वार, धान व कपास के सैंपल लेने पर फोकस

कृषि विभाग द्वारा बाजार में मौजूद बीजों के सैम्पल लेने के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। कृषि विभाग का मुख्य फोकस कपास, धान और ज्वार के बीज सैंपल पर है। क्योंकि मौजूदा समय में सबसे अधिक डिमांड इन्हीं फसलों के बीजों की बनी हुई है। सोनीपत जिले में खरीफ सीजन के दौरान 90 हजार हैक्टेयर भूमि के करीब किसान धान की रोपाई व बिजाई करते हैं। जबकि करीब 10 हजार हैक्टेयर भूमि में ज्वार की फसल उगाई जाती है, जबकि पांच से छह हजार हैक्टेयर भूमि में कपास उगाया जाता है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी काबू कर जेल भेजा

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित संजीत निवासी खडवाली रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने गत 6 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर उसके साथ संजीत ने दुष्कर्म किया। किसी ने कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक विजयपाल की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पड़ोसी पर मारपीट करने नकदी छीनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**घायल ने मामले को लेकर पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**

सदर थाना क्षेत्र के गांव ठरू में ग्रामीण को अपने सो रहे पड़ोसी को खाना खाने के लिए उठाना महंगा पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसी ने ग्रामीण की डंडे से पिटाई कर दी। पीड़ित ने मोबाइल व नकदी छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फिलहाल मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव ठरू निवासी रामप्रसाद ने बताया कि वह मंगलवार रात को अपने पड़ोसी के घर पर उसे खाना खाने के लिए पूछने गए थे। उस समय उनका पड़ोसी सो रहा था। उन्होंने उसे नींद से जगाया तो वह गुस्सा हो गया। उसने डंडे से उसके चेहरे पर वार कर घायल कर दिया। हमले में उनकी नाक, आंख, गाल और हाथ पर चोट आई। आरोपित ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित का आरोप है कि वह 50 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल छीन ले गया। पुलिस ने अभी मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले में आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!





ऑकेजन / अनुराग मनीष

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हाहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।

## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोस' या 'फील गुड हार्मोस' भी कहते हैं। ये हार्मोस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में भी नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो

देखा जाए तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।



- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम



कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब
तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102



1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

**बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। **-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय :** क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। **-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। **-मोहन, भोपाल**

हास्य कथा
समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला,'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

**रंग भरो-149** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तनिष्क, रायपुर



सौम्या, बालोद



समृद्धि, शहडोल



सुयश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



विशु, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली

## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



## खबर संक्षेप

### 20 में से 12 की मेरिट 8 प्रथम श्रेणी में पास

**गन्नौर।** गढ़ी झांझारा रोड पर पावर हाऊस के पास स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। स्कूल के निदेशक सचिन खत्री ने बताया कि स्कूल के 20 छात्रों ने परीक्षा दी थी। मैरिट में 12 छात्रों ने मैरिट ली जब कि 8 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### अवैध अंग्रेजी शराब की 15 पेटियों सहित एक काबू

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब की 15 पेटियों सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। छुछकवास चौकी प्रभारी नितीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कडौदा से भिंडावास मार्ग पर नाकाबंदी करते हुए एक गाड़ी को चैक किया गया। जिसमें से 15 पेटियों में 180 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद की गई। आरोपी की पूछताछ में पहचान राजेश निवासी गांव कुंजियां के तौर पर की गई है।

### लाइन की जानकारी देगी वोटर इन क्यू एप

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को मतदान के दिन झज्जर व बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर मतदान के लिए लगी वोटरों की लाइन को वोटर इन क्यू एप के जरिए देख सकेंगे। मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपनी बारी के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी व पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए लगी लाइन को देखते हुए सुविधानुसार मतदान के लिए जा सकते हैं।

### इलाज कराने आया था, बाइक गंवा बैठा

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल परिसर में चोरी के मामले नहीं थम रहे। लोग आते तो यहां इलाज के लिए हैं लेकिन कई लोग अपने वाहन गंवा बैठते हैं। अब एक और व्यक्ति की यहां से बाइक चुरा ली गई है। उसने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चोरी की यह वारदात बलराज के साथ हुई है। बलराज की आंखों में तकलीफ थी। इसलिए बुधवार की सुबह वह सरकारी अस्पताल में ईलाज कराने आए थे।

### सैटेलाइट से अब तक 37 लोकेशन आई सामने

# जिले में फसल अवशेषों को धड़ल्ले से जला रहे किसान

## कृषि विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर कर रही विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में किसान फसलों के अवशेषों को धड़ल्ले से जला रहे है। विभाग की तरफ से सैटेलाइट से आगजनी की घटनाओं पर नजर रखी जा रही है। जिले में अब तक फसल अवशेषों में आगजनी की 37 लोकेशन कृषि विभाग के पास पहुंच चुकी है। बृहस्पतिवार को ही 17 लोकेशन सामने आई है। सैटेलाइट से मिली लोकेशन का भौतिक सत्यापन के बाद कृषि विभाग संबंधित लोगों पर जुर्माना भी लगा सकता है। विभाग की तरफ से कागजी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

बता दें कि रबी सीजन की फसलों की कटाई प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। किसान खरीफ सीजन की फसलों की बिजाई व रोपाई के लिए खेतों को पूरी तरह से साफ करने की कवायद में जुट गए है। ऐसे में कुछ किसान फसल अवशेषों में आगजनी भी कर रहे हैं। ऐसे किसानों पर नकेल कसने के लिए सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कृषि विभाग द्वारा भी टीमों का गठन करके उन्हें फील्ड पर उतार दिया है। कृषि विभाग के साथ-साथ ग्राम सचिव व पटवारी भी संबंधित क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर नजर रख रहे हैं। वहीं विभाग किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी करने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक भी कर रहा है।



**सोनीपत।** सैंपल लेते कृषि अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रबी सीजन में सोनीपत जिले में किसानों द्वारा 1 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल उगाई गई थी। मौजूदा समय में फसलों की कटाई व कढ़ाई का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। किसानों ने इस बार बड़ी संख्या में मशीनों के माध्यम से भी गेहूं की कटाई करवाई है। इसके अतिरिक्त सरसों की कटाई व कढ़ाई का काम लगभग समाप्त हो चुका है। कृषि विभाग ने किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं की मशीन से कटाई करवाने के बाद बचे हुए अवशेषों का तूड़ा बनवाए, ताकि पशुओं के लिए चारे की किसी प्रकार की कमी न रहे।

**जागरूक किया जा रहा**

आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग की तरफ से टीमों का गठन किया हुआ है। सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। अब तक जिले में सैटेलाइट से आगजनी की 37 लोकेशन प्राप्त हुई है। किसानों को फसल अवशेषों में आगजनी न करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। ब्लाक स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे है। ताकि किसान आगजनी की घटनाएं न की जा सके। *डा. पवन शर्मा, जिला कृषि अधिकारी।*

# इंटर हाउस चैस चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा

■ इंटर हाउस चैस चैंपियनशिप में अभिसार हाउस रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस चैस चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में अभिसार हाउस विजेता बना। प्रथम रनर अप क्षितिज हाउस और द्वितीय रनर अप तरंग हाउस रहा। विजेताओं को स्कूल की एमडी रीना मलिक ने सम्मानित किया। चैंपियनयिप की अध्यक्षता प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने की।

चैस चैंपियनशिप में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं में लडकों के वर्ग में नक्ष, वीर और हरदीप की टीम अव्वल रही। आदित्य, वरदान और केशव की टीम द्वितीय जबकि वंश, आयु और आदित्य की टीम तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों में आनंदी और अंशिका विजेता बनी। इनके अलावा ऑरव, आस्तिक, वंश, आनंद, मयंक, उत्सव, प्रतीक, अक्षित, आदित्य, कनुप्रिया, युविका और राधिका ने भी चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।


**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य वीरेंद्र मलिक।

# 93.6%अंकों के साथ पलक स्कूल में प्रथम

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा का परिणाम शत- प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुरेंद्र ने बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल के शिक्षकों व छात्रों को बधाई देते हुए प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार विद्यार्थियों के साथ मेहनत करते रहें। विज्ञान संकाय में पलक ने 93.6 प्रतिशत प्राप्त किए,आयुषी ने 92.8 प्रतिशत प्राप्त करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। रुखसाना ने 91.8 प्रतिशत प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में सानिया ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान, जतिन ने 68.2 अंक प्राप्त करके दूसरा, रॉबिन ने 66.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में रितु ने 90.2 अंक लेकर प्रथम, जतिन ने दूसरा स्थान 85 प्रतिशत अंक लेकर, पारुल ने 84.2 प्रतिशत प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### गवर्नमेंट कॉलेज में संस्कृति पर विस्तारक व्याख्यान

**गोहाना।** गुरुवार को बरोदा गांव के गवर्नमेंट कॉलेज में जन जागरण अभियान के अंतर्गत भारतीय समाज और संस्कृति पर विस्तारक व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता और कॉलेज के उप प्राचार्य पवन लठवाल ने कहा कि आक्रांता चाहे कोई भी रहे, उन्होंने डंडे के बल पर हमारी संस्कृति मिटाने की कुचेष्टा तो की, पर कामयाबी किसी को भी नहीं मिली। पवन लठवाल ने कहा कि विदेशी हमलावर युद्धों के विजेता बेशक बनते रहे, लेकिन उनकी भारतीय संस्कृति को तहस-नहस करने की प्रत्येक कोशिश हमेशा औंधे मुंह गिरी। पहले शक, कुषाण, हूण आए अथवा बाद में लंबे समय तक मुगल काबिज रहे, सब ने तलवार के भय से हिंदुओं को मुसलमान बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रहने दी। बरोदा के सरकारी कॉलेज के उप प्राचार्य ने कहा कि अंग्रेज आए तो उन्होंने ईसाइयत थोंपने के लिए हर मुमकिन हथकंडा अपनाया।


# मतदान करने के लिए प्रेरित किया

## मतदान जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन

■ जागरूक करने के लिए ब्राइट स्कॉलर लगातार अपने प्रयास जारी रखेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में गत कई दिनों से मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत अनेक गतिविधियों के माध्यम से मतदान के महत्व को बताया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में यह बताया कि मतदान को एक पर्व की तरह मनाना चाहिए और इसमें बढ़ चढ़ कर अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग आदि अनेक प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्राचार्या किरण दलाल ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो और उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी हो। मतदान को जागरूक करने और भागीदारी बढ़ाने के लिए ब्राइट स्कॉलर लगातार अपने प्रयास जारी रखेगा।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय स्टाफ।

### सिसाना से 21 वर्षीय युवक संदिग्ध हालात में लापता

**खरखौदा।** सिसाना गांव का रहने वाला एक 21 वर्षीय युवक घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक मोहित घर पर बगैर बताए लापता हो गया। उसके परिजन जगह-जगह उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक उसका पता नहीं लग पाया है। जिसके चलते अब मोहित की मां सीमा ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। जिस पर पुलिस ने मोहित के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। सिसाना निवासी सीमा का कहना है कि उसका बड़ा बेटा मोहित 26 अप्रैल से लापता है। वे अपने स्तर पर उसकी हर जगह पर तलाश कर चुके हैं। लेकिन कहीं पर भी उसका पता नहीं चल पाया है। मोहित जब घर से गया तो उसने घर पर भी कुछ नहीं बताया। सीमा ने मामले की शिकायत पुलिस के देते हुए उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। सीमा ने आशंका जताई है कि किसी ने अपने मतलब के लिए उसे कहीं पर छिपा लिया है।

# स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

## 467 अंकों के साथ खुशी रही स्कूल में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहा का परीक्षा परिणाम शत-प्रशित रहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि कला, विज्ञान व वाणिह्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शर्मा ने बताया कि विज्ञान में छात्रा खुशी ने 467 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अन्नु ने 447 अंक प्राप्त कर द्वितीय, बुलबुल ने 444 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 72 छात्रों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। परीक्षा में 30 छात्रों ने मेरिट प्राप्त की और सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए।


**गन्नौर।** स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा मेधावी छात्रों का सम्मान करते हुए।

# खेल-खेल में विद्यार्थियों को मजबूत बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

निपुण हरियाणा मिशन के तहत सोमवार से शुरू हुए चार दिवसीय मूलभूत साक्षरताऔर संख्यात्मकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम मेंदो बैच में 80 अध्यापकों को खेल-खेल में विद्यार्थियों की बुनियाद को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पहली बार कक्षा चौथी और कक्षा 5वीं को भी शामिल किया है। इन कक्षाओं के पाठ्यक्रम में नई वर्कबुक और मॉक टेस्ट सीरीज शामिल की गई है। विद्यार्थी इन्हें बेहतर तरीके से सीखें इसीलिए शिक्षकों को नवाचार से पढ़ाने के तरीके सिखाने के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने की रुपरेखा शिक्षा विभाग की तरफ से बनाई गई है। बैच एक में डॉ0. कांता कादयान (बीआरपी), रविन्द्र बीआरपी, तथा इंदु एबीआरसी और बैच दो में शीला (बीआरपी अंग्रेजी) ने निपुण, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता व एनसीपीएसई के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल शियोरान ने दोनों बैच का फीडबैक लिया तथा इसका लाभ बच्चों तक पहुंचाने के लिए अध्यापकों को प्रेरित किया।


**गोहाना।** शिक्षकों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# दातौली के रा.स्कूल का परिणाम रहा सराहनीय

## 192 बच्चों ने परीक्षा दी, 189 उत्तीर्ण

■ स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने शिक्षकों व छात्रों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय दातौली का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी। स्कूल प्रिंसिपल विवेक शर्मा ने बताया कि स्कूल में 192 बच्चों ने परीक्षा दी और 189 बच्चे बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण रहें। जिनमें से 14 बच्चों की मैरिट में स्थान प्राप्त किया और 137 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। स्कूल की छात्रा अन्नु ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त, छात्रा दीपा ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व प्रिंस ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों की मेहनत के कारण छात्रों ने बेहतर अंक प्राप्त किए। इसमें गांव के सरपंच व अभिभावकों का भी पूरा सहयोग रहा।

# होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

■ खन्दराई गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 38 में से 15 विद्यार्थियों ने पाई मेरिट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

खन्दराई गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 38 में से 15 विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में मेरिट हासिल करके अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गुरुवार को विद्यालय में सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को बीईओ बसंत ढिल्लों और बीआरपी राजकुमार पंघाल ने शुभकामनाएं दी। प्राचार्य लवल किशोर के अनुसार वाणिज्य संकाय में कुल 8 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें से 7 ने मेरिट हासिल की। कला संकाय में 30 विद्यार्थियों मं से 8 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। 12 बच्चों ने आईटी की परीक्षा दी जिनमें से सभी 12 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। मेधावी विद्यार्थियों को एसएमसी प्रधान सुमन देवी, निशा, पुष्पा रानी, अंजू, पूनम, सुषमा, नीलम, सुमन, सीमा, बिमला, कृष्णा, विरेंद्र सिंह, रामआसरा, राजेश मालिक, राजीव मलिक और जयपाल लाठर ने अपना आशीर्वाद दिया।


**गोहाना।** मेधावी विद्यार्थी अपने गुरु जनों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

**शिविर** | नेत्र जांच व ऑपरेशन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन, दंत जांच शिविर का आयोजन

सामान्य बीमारियों की जांच व सभी जांच व मुफ्त दवाई का प्रबंध समिति ने किया

# शिविर में 262 रोगियों की आंखें जांची 51 को ऑपरेशन करवाने का सुझाव दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

ठाकुर जी की रसोई, युवा शक्ति क्लब व महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति सोनीपत के सौजन्य से गुरुवार को निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन, स्त्री रोग जाँच, हड्डी रोग जाँच, फिजीशियन, न्यूरो थैरेपी, होम्योपेथी व दंत जाँच शिविर का आयोजन खरखौदा की लाला जय नारायण धर्मशाला में आयोजित किया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि कैंप में लगभग 262 मरीजों की फ्री आंखों की जांच की गई। जिसमें 51 मरीजों को दिल्ली वेणु आई हॉस्पिटल में मुफ्त ऑपरेशन करवाने का सुझाव दिया गया। 25 मरीजों को शेख सराय दिल्ली भेजा गया है। बाकी 26 मरीजों को सोमवार को भेजा जाएगा। कैंप में मोतियाबिंद की जांच, आंखों की सामान्य बीमारियों की जांच व अन्य बिमारियों की सभी जाँच व मुफ्त दवाई का प्रबंध आयोजन समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की वाइस चैयरमैन सोनिया अग्रवाल ने बतौर चीफ गेस्ट कैम्प का दौरा किया व मरीजों का हाल चाल जाना। नीरज गुप्ता ने बताया कि हर महीने के पहले वीरवार को शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को उनकी जरूरत के हिसाब से सहायता की जाती है। इस बार कोसमो डैन्टल क्लिनिक खरखौदा से डॉ अनिकेत की टीम द्वारा मुफ्त दाँतो की जाँच व जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें 40 मरीजों ने लाभ उठाया। क्रासरोड़ अस्पताल सोनीपत की टीम द्वारा 150 मरीजों की जाँच की गई व महिला रोग, हड्डी रोग, शुगर बीपी व अन्य सामान्य बिमारियों की जाँच व दवाएँ मुफ्त वितरित की गई।



**ये रहे मौजूद**

ओम होम्योपेथी के डॉ रोहन बरेजा द्वारा 100 मरीजों की जांच करके मुफ्त दवाईयां दी गई। मोतियाबिंद के मरीजों को शेख सराय दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल तक लाने, ले जाने व रहने खाने की सुविधा समिति द्वारा निःशुल्क दी जाती है। इस अवसर पर राजू कोच द्वारा मुफ्त न्यूरो थैरेपी कैम्प लगाया गया। इस मौके पर टीका राम मित्तल, धर्मपाल गर्ग, हरी प्रकाश गर्ग व समिति सदस्य मौजूद रहे।

# गेटवे स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

■ वैश्विक, राष्ट्रीय, धरातलीय समस्याओं और समाधानों की सोच से रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गेटवे स्कूल में गुरूवार को आईआईएमयूएन सोनीपत कांफ्रेंस और ऋषिहुड विवि के संयुक्त तत्वाधान में आईआईएमयूएन की लेटेस्ट थीम्स आधारित वैश्विक, राष्ट्रीय, प्रांतीय और धरातलीय विषय समस्याओं पर ज्ञानवर्धक निदानात्मक सोच वाली तार्किक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में आईआईएमयूएन सोनीपत कांफ्रेंस की डायरेक्टर सान्या अग्रवाल, मेम्बर ऑफ सोनीपत कांफ्रेंस की विषय विशेषज्ञा संस्कृति और आयुषी के मुख्यातिथ्य में गेटवे स्कूल के एमयूएन क्लब की संयोजिका मंजू अंतिल के नेतृत्व में मिडिल विंग से सीनियर विंग के सभी विद्यार्थियों ने बड़ी गंभीरता से हिस्सा लिया। कार्यशाला में परिचर्चा के ज्वलंत विषय परिचर्चा हुई।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य प्रेम कुमार ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की ज्वलंत वैश्विक,राष्ट्रीय और स्थानीय मसलों पर आयोजित होने वाली कार्यशालाओं से विद्यार्थियों में एक उच्च सोच और तार्किक निदान की बौद्धिक, मानसिक और प्रायौगिक क्षमता बढ़ती है। वहीं स्कूल की उप-प्राचार्या रिम्पी वर्मा ने भी अपना संबोधन दिया।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं अन्य।

## खबर संक्षेप


खरखौदा। अश्वनी कौशिक को नियुक्ति पत्र सौंपते जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा। फोटो : हरिभूमि

### अश्वनी कौशिक को बनाया भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**खरखौदा।** पीपली गांव निवासी अश्वनी कौशिक को भाजपा पार्टी ने जिला संगठन के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। अश्वनी कौशिक ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है। वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी बने राजसिंह

**सोनीपत।** भाजपा ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राज सिंह सांगवान को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी नियुक्त किया है।



प्रदेश संयोजक डॉ. विजय दहिया द्वारा की गई है, जिन्होंने डॉ. संगवान की जन सेवा में समर्पण और उनके चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञता की प्रशंसा की। मेडिकल सेल के जिला प्रभारी के रूप में डॉ. संगवान को राज्य में विभिन्न स्वास्थ्यकर कार्यक्रमों और नीतियों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करना होगा। उनकी नियुक्ति को पार्टी के कार्यकताअरं और चिकित्सा विशेषज्ञों, एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, आरएमपी चिकिसको, केमिस्ट व फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ आदि सभी ने स्वागत किया है।

### चुनावी कार्यालय पर जेब कतरों ने बनाए चार शिकार

**खरखौदा।** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा गुरुवार को खरखौदा में चुनावी कार्यालय खोला। इस मौके पर जेबकतरों ने कतर डाली चार लोगों की जेब। जिन्होंने भीड़ का फ़ायदा उठाते हुए चार लोगों को बनाया अपना शिकार। वार्ड संख्या 10 निवासी संजय के 10 हजार रुपए, जो उसे तूडे के देने थे। वार्ड संख्या 15 निवासी सोमपाल सैनी के 1300 रुपए ,थाना कलां निवासी जलदीप के 1700 रुपए, ककरोई निवासी डॉ सूरजभान का पर्स जिसमें 700 रुपए व पहचान संबंधी कागजात थे। जेब कटने के बाद ये इधर उधर भटकते रहे। पुलिस को शिकायत शायद ही किसी ने दी हो।

### जिले में अब तक कुल 6 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया

# चौथे दिन हुआ एक नामांकन वो भी कवरिंग कैंडिडेट का

## आज नामांकन करेंगे भाजपा प्रत्याशी, कल होगा इनेलो प्रत्याशी का नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनावों के लिये जारी नामांकन प्रक्रिया में वीरवार को चौथे दिन केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ। यह नामांकन भी कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर किया गया है। कवरिंग कैंडिडेट गोहाना से विधायक जगबीर मलिक हैं। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनको शपथ भी दिलाई। इस नामांकन को मिला दें तो जिले में अब तक कुल 6 प्रत्याशियों के नामांकन प्राप्त हुए हैं। नामांकन जमा करवाने के लिये अभी तीन ही दिन शेष हैं। क्योंकि नामांकन जमा करवाने की तारीख 6 मई तक है, लेकिन 5 मई को रविवार की छुट्टी होने के चलते नामांकन से संबंधित काम नहीं होगा। बता दें कि 7 मई को नामांकन की जांच प्रक्रिया आरंभ होगी, इसके बाद 9 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 10 मई को चुनाव चिन्ह आवंटन होगा और 25 मई को मतदान। दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली 3 मई यानि की शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे, वहीं इनेलो प्रत्याशी अनूप दहिया 4 मई यानि की शनिवार को नामांकन करेंगे। जजपा प्रत्याशी भूपेंद्र मलिक के नामांकन को लेकर अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन करवाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी विप्लब्व देव मौजूद रहेंगें। वहीं इनेलो प्रत्याशी का नामांकन करवाने के लिये इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला सोनीपत पहुंचेंगें।


सोनीपत। कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर नामांकन जमा करवाते हुए विधायक जगबीर मलिक। फोटो : हरिभूमि

### करोड़ों के मालिक हैं जगबीर मलिक

जगबीर मलिक ने अपनी वार्षिक आय 15.64 लाख तो पत्नी की आय 2.85 लाख रुपये दर्शाई है। 80 हजार रुपये उनके तो 75 हजार रुपये उनकी पत्नी के पास नगद हैं। 3.5 लाख रुपये के सोने समेत कुल चल संपत्ति 30 लाख 52 हजार रुपये की है। वहीं अचल संपत्ति के तौर पर 2 करोड़ 27 लाख रुपये की जमीन जायदाद उनके पास है, वहीं 1 करोड़ 74 लाख की जायदाद उनकी पत्नी के नाम है।

### खाना-खाने जा रहे गार्ड को बाइक से गिराकर की मारपीट

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में गार्ड को बाइक से गिराकर उसके साथ मारपीट करके घायल करेने व विरोध करने पर बाइक लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। घायल गार्ड ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित अकुंश, छोटू व अंकित निवासी शामली यूपी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

खन्ना उत्तर प्रदेश निवासी रामचंद्र ने 1 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह एक्सप्रेस सिटी में गार्ड के तौर पर कार्यरत है। वह 10.40 बजे रात के सुपरवाइजर को खाना देने के लिए जा रहा था। जह वह लिवान से खाना लेकर एक्सप्रेस सिटी में जा रहा था। उसी दौरान बीच रास्ते में लिवान गांव के पास सीएनजी पंप के पास तीन-चार नौजवान लड़कों ने उसे बीच सड़क में रोक लिया।


सोनीपत। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए स्थानीय निवासी। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस काल में रूका पड़ा था सोनीपत का विकास : बड़ौली


- भाजपा प्रत्याशी मोहन बड़ौली ने राई हलके में चलाया जनसंपर्क अभियान

**सोनीपत।** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में सोनीपत का विकास पूरी तरह ठप पड़ा था। भाजपा सरकार ने आते ही विकास की झड़ी लगा दी। आज सोनीपत में 14 विश्वविद्यालय हैं और 9 नेशनल हाइवे हैं। बड़ौली वीरवार को राई हलके में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली औरंगाबाद, जखौली, पबसरा, मनौली टोकी, मनौली, खुरमपुर, टस्कन सिटी आदि क्षेत्रों में पहुंचें। जहां पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ नहीं किया गया। वहीं भाजपा आने वाले समय में सोनीपत को मेट्रो और रेपिड ट्रेन से जोड़ने वाली है। जिससे हजारों लोगों को फायदा होगा।

### एसीपी ने मतदाताओं से किया शांतिपूर्वक मतदान का आह्वान


खरखौदा। फरमाणा में ग्रामीणों से रूबरू एसीपी जीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

खरखौदा। सहायक पुलिस आयुक्त जीत सिंह व थाना खरखौदा प्रबन्धक निरीक्षक अंकित ने अपनी पुलिस टीम के साथ गाँव फरमाना का दौरा कर गाँव फरमाना व निजामपुर माजरा के ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान सभी को चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स पढ़ कर सुनाई व समझाई गई। गाँव वासियों से अपराधी किस्म के व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे भी चर्चा की गई। सभी गाँव वासियों से शांतिपूर्वक व बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई गाँव के मोजिज व्यक्तियों की एक कमेटी स्थापित की गई। जिसे शांति कमेटी का नाम दिया, जो अपने गाँव के क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने में पुलिस का सहयोग करेगी।


गन्नौर। सहायक कर्मचारियों को सम्मानित करते निदेशक राकेश यादव व प्रधानाचार्या पूजा पहल। फोटो : हरिभूमि

## विभिन्न प्रतियोगिताओं से सहायक कर्मियों के महत्व के बारे में समझाया और पुरस्कार वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- कर्मचारियों के लिए अनेक नृत्य और खेल प्रतियोगिता करवाई गई
- कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए

खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल स्कूल में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल के सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, कविताओं, नृत्यकला और भाषण के माध्यम से सहायक कर्मचारियों के महत्व को प्रकट किया। कर्मचारियों के लिए अनेक नृत्य और खेल प्रतियोगिता करवाई गई। सभी कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव और प्रधानाचार्या पूजा पहल व अन्य शिक्षकों ने उनके सहयोग व उनके कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने कहा कि सहायक वर्ग किसी भी संस्थान का मुख्य हिस्सा होते हैं, इनके अभाव में किसी भी संगठन व संस्थान की उन्नति सम्भव नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को चाहिए कि इनका मान सम्मान करें और इनके प्रति भेदभाव की भावना न रखें।

## यज्ञ के उपरांत की सरल व्याख्या

- आर्य समाज बड़ा बाजारमें चल रहा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज शहर बड़ा बाजार सोनीपत के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान सत्यार्थ प्रकाश की संगीतमय कथा के चौथे दिवस का कार्यक्रम संस्था प्रधान दीपक आर्य (तलवाड़) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम वैदिक मिशनरी, आर्य पुरोहित वेद प्रकाश आर्य के ब्रह्मत्व में अग्निहोत्र (यज्ञ) सम्पन्न किया गया। मुख्य यजमानों के रूप में राजपती देवी, उनके सुपौत्र योगेन्द्र एवं सुपौत्रवधु यामिनी, पंकज बत्रा, स्वाति बत्रा, विनय आहूजा तथा श्वेता आहूजा और अन्य श्रद्धालुजन ने यज्ञ में अपनी आहूति प्रदान की। अग्निहोत्र करने के पश्चात संगीत रत्न पंडित नरेश दत्त आर्य ने परमेश्वर के निज और मुख्य नाम ओ*म में से आज 'मकार' की सरल व्याख्या करते हुए ईश्वर की संन्ध्या क्या ? क्यों? कैसे? विषयक प्रेरणादायी और सारगर्भित गीतों के माध्यम से ईश्वर की शुद्ध उपासना के बारे में उपस्थित जनसमूह को लाभान्वित किया। जिसमें नरेन्द्र आर्य तथा संजय आर्य ने भी सहयोग प्रदान किया। मंच का कुशल संचालन सुदर्शन आर्य ने किया। समारोह में सुदर्शन आर्य, मुकेश सिंघल, सुधांशु मित्र, हरिचन्द स्नेही, सुभाष रहेजा, उमा गोयल, सुरेश बत्रा, महात्मा वेद मुनि, भीमसेन आर्य, प्रवीण आर्य, बीर सेन श्रीधर, अर्जुन देव दुरेजा, नित्य प्रिय आर्य रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोगों को सम्मानित करते हुए।

## आग पर काबू पाने के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

- प्रताप स्कूल खरखौदा में विद्यार्थियों व स्टॉफ को आगजनी होने पर बचाव के बारे में मॉक ड्रील के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा में विद्यार्थियों व स्टॉफ को आगजनी होने पर बचाव के बारे में मॉक ड्रील के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राकेश हलालपुर ने आग पर काबू कैसा पाया जाए, मॉक ड्रील के माध्यम यह करके दिखाया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन की उपस्थिति में शार्ट सर्किट या चिंगारी आदि के द्वारा आग लग जाती है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए यदि हम आग लगने वाले स्थान पर ऑक्सीजन को समाप्त कर दें, तो आग बुझ जाती है। यदि आग किसी खुले स्थान पर ज्यादा मात्रा में लग जाती है, तो ऑक्सीजन को कम करना असंभव हो जाता है। ऐसे में आग बुझाने वाले अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करके आग पर काबू पा सकते हैं। इस अवसर उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, हॉस्टल वार्डन व मैस वर्कर्स को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करके दिखाया व उनके द्वारा आग बुझवाकर उन्हें इसका प्रयोग करना सिखाया। घरों पर प्रयोग होने वाले सिलेंडरों में आग लगने पर आग पर काबू के लिए उन्होंने गीली बोरी या गीली दरी आदि का प्रयोग करके आग को काबू करने का उपाय बताया। उन्होंने बताया कि आप आपातकालीन स्थिति में आप 101 या 112 टोल फ्री नम्बर पर डायल करके भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि इस तरह की जानकारी से बहुत से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है।


खरखौदा। आग पर नियंत्रण की मॉकड्रिल करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गन्ने व फांसों में आग लगने से हुआ नुकसान

**गन्नौर।** क्षेत्र के खुबड़ू व गुमड़ गांव में आग लगने से गन्ने व फांसों में आग लग गई। आग लगने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सूचना के बाद दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुमड़ गांव में किसान सचिन के खेत में 3 एकड़ ईंख की फसल में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कुछ ही देर बाद आग ने करीब छह एकड़ में लगी फांस भी आग की चपेट में आ गई। जिससे किसान सचिन को काफी नुकसान हुआ है। वहीं खुबड़ू गांव में करीब 9 एकड़ फांस में आग लग गई। सूचना पर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी है।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## चोरी करने की वारदातों में शामिल चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना व मोहाना थाना पुलिस ने अलग-अलग दुकानों से चोरी करने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नारायण व रमेश निवासी ऋषि कॉलोनी, राहुल निवासी मंगलपुर हाल में पानीपत, नरेंद्र निवासी बेरी खेरा जींद के रहने वाला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दो आरोपितों को जमान पर रिहा कर दिया। वहीं दो अन्य आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गुरूद्वारा रोड लोकेश ने 17 नवंबर 2023 में शिकायत देकर बताया कि उसने इनवेंटर बैटरी की दुकान कर रखी है। वह छह महीने से बीमार हो गया। उसे धोखा से दुकान की चाबी नारायण ने ले ली। गत 3 नवंबर को चार बजे दुकान पर पहुंचा। जहां उसके सामान को दुकान से निकाला जा रहा था। दुकान में करीब 7 लाख रुपये का सामान था। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। उप निरीक्षक रमेश कुमार की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को रिगफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।

### बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

वहीं मोहाना थाना पुलिस ने दुकान से बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल व नरेंद्र है। गांव मोहाना निवासी मुकेश ने गत 27 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी दुकान से शट्र उखाड़कर बैटरी चोरी कर ली। अपने स्तर पर बैटरी की तलाश की, लेकिन कोई सुरागा हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अनम ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से चोरी की बैटरी, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, छोटा हाथी व गैस सिलेंडर को बरामद कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## अस्पताल की पार्किंग से युवक की बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्क्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के बहालगढ़ रोड स्थित अस्पताल की पार्किंग से दो-पहिया वाहन चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव लिवान निवासी गुलाब ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी बीमार है। जिसे बहालगढ़ रोड स्थित अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गत 29 अप्रैल को वह अपनी बाइक पर पत्नी का हालचाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ी करके अस्पताल में अंदर चला गया। कुछ देर बाद वह वापिस लौटा। उसकी पार्किंग में बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

### घर से नकदी व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र की सिक्का कॉलोनी स्थित मकान से नकदी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिकन ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सिक्का कॉलोनी निवासी शांति रानी ने बताया कि गत 30 अप्रैल को सुबह करीब 4.30 बजे उठी। उसके मकान के अंदर के दरवाजे की जाली कटी हुई मिली। अंदर जाकर सामान की जांच की तो उसके दयोते का स्पीकर नहीं मिला। वहीं उसके मकान के ऊपर किराएदार के 700 रुपये गायब मिले।

### मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा चयनित किया गया

# प्लेसमेंट : महिला विवि की छात्राओं को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला पॉलीटेक्निक संस्थान की सात छात्राओं को क्लस्टर प्लेसमेंट ड्राइव में मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा चयनित किया गया है। चयनित छात्राओं ने गुरुवार को महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश से भेंट की। प्रो. सुदेश ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को अपना श्रेष्ठ कौशल प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं को रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। बीपीएस महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के टी.पी.ओ. सतपाल जाखड़ ने बताया कि मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड इलेक्ट्रिक तारों की निमार्ता कंपनी है। इस ड्राइव में चयनित छात्राओं में इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की तनीषा, अंजलि, दीक्षा, शगुन सैनी, मधु, साक्षी एवं तमन्ना शामिल हैं। चयनित छात्राएं कंपनी के गुरुग्राम प्लांट में डिप्लोमा ट्रेनी के रूप में कार्य करेंगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल के निदेशक प्रो. विजय नेहरा, उप निदेशक डॉ. अंशु भारद्वाज एवं पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल उपस्थित रहे।


गोहाना। प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित महिला पॉलिटेक्निक की छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. सुदेश एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

इससे पूर्व कुलपति प्रो. सुदेश ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाली कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं से भी संवाद किया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। कुलपति प्रो सुदेश ने टॉपर छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कन्या गुरुकुल की प्राचार्या सुमिता सिंह तथा शिक्षिका संगीता व नीलम उपस्थित रहे।